आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 02.10.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एशियाई खेलों में मुक्केबाजी और तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीतने पर महिला खिलाड़ियों को बधाई दी।
- पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की एक सौ सत्तावनवीं जयंती मनाई गई।
- कला एवं संस्कृति विभाग द्वीपसमूह की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से लोगों को परिचित कराने के उद्देश्य से नियमित हेरिटेज वॉक आयोजित करेगा।
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई 2026 सत्र में स्नातक एवं स्नातकोत्तर सहित विभिन्न कार्यक्रमों में नए प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 13 अक्टूबर कर दी है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एशियाई खेलों में महिलाओं की पच्हत्तर किलोग्राम मुक्केबाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर लवलीना बोरगोहेन को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि लवलीना की ताकत, सटीकता और दृढ़ संकल्प ने देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि अपने जन्मदिन पर स्वर्ण पदक जीतने से यह अवसर और भी खास हो गया है। राष्ट्रपति ने तीरंदाजी की रिकर्व महिला टीम स्पर्धा में पहली बार स्वर्ण पदक जीतने पर अंकिता भकत, कुमकुम अनिल मोहोद और कीर्ति को बधाई दी। उन्होंने रिकर्व मिक्स्ड टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर धीरज बोम्मादेवरा और कुमकुम अनिल मोहोद को भी बधाई दी। राष्ट्रपति ने कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि है, क्योंकि उनके शानदार प्रदर्शन से भारत ने इस स्पर्धा में पहली बार रजत पदक जीता है।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती मनाई गई। मुख्य समारोह सुबह आठ बजकर चौदह मिनट पर गांधी पार्क में आयोजित हुआ, जहाँ उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद शिक्षा विभाग द्वारा प्रार्थना और रामधुन का गायन हुआ। इस अवसर पर दो मिनट का मौन भी रखा गया। इस अवसर पर उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी का जन्म उत्सव आज जन–जन का अंदोलन बन गया है। उन्होंने कहा कि हम सत्य पर चलेंग, हम मिलकर चलेंगे, हम जाति धर्म से ऊपर उठकर एक राष्ट्र धर्म पर चलेंगे।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग के तहत लाइवस्टॉक फार्म कॉम्प्लेक्स, डॉलीगंज के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल पर महिलाओं के

यौन उत्पीड़न निवारण अधिनियम, 2013 पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में निदेशक, डॉ. के. ए. नवीन ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए इस तरह के जागरूकता और इंटरैक्टिव सत्र आयोजित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। यह सत्र POSH अधिनियम शिक्षक एवं वरिष्ठ विषय विशेषज्ञ, रुबीना सिद्दीकी द्वारा संचालित किया गया, जिन्होंने POSH अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों, कार्यस्थल की गरिमा, यौन उत्पीड़न की रोकथाम, और शिकायतों की रिपोर्टिंग तथा निवारण के लिए उपलब्ध तंत्रों पर एक ज्ञानवर्धक और संवादात्मक प्रस्तुति दी।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग द्वीपसमूह की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से लोगों को परिचित कराने के उद्देश्य से नियमित हेरिटेज वॉक आयोजित करेगा। कल विश्व युद्ध–द्वितीय पर आधारित हेरिटेज वॉक आयोजित की जाएगी। यह वॉक सुबह साढ़े पाँच बजे से सात बजे तक होगी और सेल्युलर जेल से शुरू होकर बैटल ऑफ एबरडीन मेमोरियल, बंकर, अंडमान क्लब, फरजंद अली मार्केट, नेताजी क्लब, जुल्फिकार अली स्मारक, क्लॉक टावर होते हुए गांधी पार्क के बंकर और शिंतो श्राइन तक जाएगी। इतिहासकार डॉ. प्रणब कुमार सरकार, प्रतिभागियों को विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी देंगे। हेरिटेज वॉक में पर्यटकों, विद्यार्थियों, पर्यटक गाइडों, टूर ऑपरेटरों के प्रतिनिधियों और अंडमान के विरासत में रुचि रखने वाले लोगों के लिए भाग लेने का अवसर है। इच्छुक व्यक्ति कला एवं संस्कृति विभाग से सम्पर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई 2026 सत्र में स्नातक एवं स्नातकोत्तर सहित विभिन्न कार्यक्रमों में नए प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 13 अक्टूबर कर दी है। विद्यार्थी PG, UG, PG Diploma, Diploma सहित विभिन्न क्षेत्रों के पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा कृषि, स्वास्थ्य विज्ञान, विदेशी भाषाओं, सामाजिक विज्ञान, प्रबंधन, जनसंचार एवं मीडिया, यात्रा एवं पर्यटन, अनुवाद अध्ययन तथा पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान जैसे अनेक क्षेत्रों में कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। नियमित संस्थानों में UG या PG की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थी भी इग्नू की Dual Degree Scheme के तहत अध्ययन कर सकते हैं। नए प्रवेश की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। इच्छुक विद्यार्थी इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट के Student Service–Admission सेक्शन के माध्यम से IGNOU Samarth Portal पर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स ने बंबूफ्लाट, टापूबस्ती निवासी, मदेसि वेंकटस्वामी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उनका निधन आज दोपहर 1:30 बजे हुआ।

<><><><><><><>

राज्य महिला सशक्तिकरण केंद्र, समाज कल्याण निदेशालय ने महिलाओं के ज्ञान, कौशल, उद्यमिता और आजीविका के अवसरों को मजबूत करने के उद्देश्य से सितंबर महीने के दौरान कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की। इस श्रृंखला की शुरुआत 9 सितंबर को युवाओं के लिए अच्छे मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन के महत्व पर एक जागरूकता सत्र के साथ हुई। इसके बाद 17 और 18 सितंबर को मिशन शक्ति के कार्यकर्ताओं के लिए दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 18 सितंबर को होप फाउंडेशन, भातुबस्ती में बजट, वित्तीय नियोजन और वित्तीय स्वतंत्रता के रास्तों को कवर करते हुए वित्तीय साक्षरता पर एक जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया था। 23 से 25 सितंबर तक शहीद द्वीप में कृषक महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों और युवा महिला उद्यमियों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए स्थानीय स्तर पर उगाए जाने वाले फलों में मूल्य संवर्धन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में स्थानीय फल–आधारित उत्पाद, कृषि अनुभव, स्थानीय रूप से तैयार खाद्य उत्पाद, आकर्षक उपहार पैक, फल–आधारित स्मृति चिन्ह और अन्य उत्पाद विकसित करने के अवसरों पर प्रकाश डाला गया जो पर्यटकों को आकर्षित कर सकते हैं।

<><><><><><><>